Ans. (b) : सही विकल्प-सेर देलवाड़ा, जरगा, व अचलगढ़

	पर्वत चोटियाँ		ऊँचाई
(i)	सेर (सिरोही)	-	1597 मी.
(ii)	देलवाड़ा (सिरोही)	-	1442 मी.
(iii)	जरगा (उदयपुर)	-	1431 मी.
(iv)	अचलगढ़ (सिरोही)	-	1380 मी.

18. राजस्थान की उत्तर में दक्षिण की लम्बाई है-

(a) 826 किमी (b) 869 किमी
(c) 650 किमी (d) 550 किमी.

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (a) राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 342239 वर्ग कि.मीहै। इसकी उत्तर-दक्षिण लम्बाई 826 किमीतथा पूर्व पश्चिम लम्बाई 869 किमी है। क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है।

19. राजस्थान का राज्य पुष्प है-

(a) कचनार (b) रोहिड़ा
(c) सूरजसूखी (d) नाग केसर

RPSC प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) 28.06.2022
पशुधन सहायक 04.06.2022
RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (b) : रोहिड़ा के फूल को वर्ष 1983 में राजस्थान का राज्य पुष्प घोषित किया गया। इसे मारवाड़ का सागौन या रेगिस्तान का सागवान भी कहते हैं इसका वैज्ञानिक नाम 'टेकोमेला अण्डुलता' (Tecomella Undulada) है। रोहिड़ा सर्वाधिक थार रेगिस्तान अर्थात राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में पाया जाता है। खेजड़ी (प्रोसोपिस सिनेरेरिया) को 31 अक्टूबर 1983 को राजस्थान का राज्य वृक्ष घोषित किया गया था। इसे रेगिस्तान का कल्पवृक्ष भी कहते हैं। ऊँट राजस्थान का राज्य पशु (पशुधन श्रेणी में) है। चिंकारा वन्य जीव श्रेणी में राजस्थान का राज्य पशु है। गोडावन या ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड राजस्थान का राज्य पक्षी है।

20. राजस्थान का राज्य वृक्ष है-

(a) प्रोसोपिस सिनेरेरिया (b) टेकोमेला उण्डुलेटा
(c) प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा (d) होहोबा

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

21. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला राजस्थान में 'मरु त्रिकोण' का भाग नहीं है?

(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) बाड़मेर (d) जैसलमेर

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : राजस्थान में 'मरु त्रिकोण' (Desert Triangle) के अन्तर्गत जोधपुर, बीकानेर तथा जैसलमेर को शामिल किया जाता है। इसमें बाड़मेर शामिल नहीं है।

22. निम्न में से थार मरुस्थल के भाग हैं?

(A) गोड़वाड़ प्रदेश (B) शेखावाटी प्रदेश
(C) बनास का मैदान (D) घग्गर का मैदान
(a) (A) एवं (B) (b) (B) एवं (C)
(c) (A), (B) एवं (D) (d) (A), (C) एवं (D)

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (c) : थार मरुस्थल का विस्तार राजस्थान राज्य में स्थित अरावली पर्वतमाला के पश्चिम में है। गोड़वाड़ प्रदेश (पाली जिला), शेखावाटी प्रदेश (सीकर और झुंझुनू जिले), घग्घर का मैदान (हनुमानगढ़ जिला) क्षेत्र थार मरुस्थल का भाग है।
⇒ बनास का मैदान अरावली पर्वतमाला के पूर्व में राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक जिलों में अवस्थित है।

23. डग-गंगधार उच्च भूमियाँ अवस्थित हैं-

(a) उत्तरी अरावली प्रदेश में
(b) दक्षिणी अरावली प्रदेश में
(c) हाड़ौती पठारी प्रदेश में
(d) नागौरी उच्च भूमियाँ प्रदेश में

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (c) : डग-गंगधार उच्च भूमियाँ हडौती पठारी प्रदेश में अवस्थित है। हाड़ौती पठारी प्रदेश, दक्षिणी, पूर्वी पठार का भाग है। डग उच्च क्षेत्र, चम्बल बेसिन में स्थित खड्ड एवं उबड़-खाबड़ भूमि युक्त अनुपजाऊ क्षेत्र है जो डाकुओं का आश्रय स्थल है। सापेक्षिक दृष्टि से यह भाग अस्पष्ट अधर प्रवाह क्षेत्र (An area of ill drained inferior drainage) के अन्तर्गत आता है। विन्ध्यन कगार भूमि व दक्कन लावा पठार इसी भौतिक क्षेत्र में आते हैं। इस भू-भाग का सर्वोच्च चांदबाड़ी (झालावाड़) है।

24. निम्नलिखित में से कौन सा (पर्वतीय चोटी-ऊँचाई (मीटर) सुमेलित नहीं है?

(a) जरगा - 1431 (b) अचलगढ़ - 1280
(c) सेर - 1597 (d) रघुनाथ - 1055

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : अचलगढ़ पर्वतीय चोटी की ऊँचाई 1380 मीटर है, जो सिरोही जनपद में स्थित है। गुरूशिखर सिरोही जिले के माउण्ट आबु में अवस्थित है। यह राजसथान अरावली पर्वत शृंखला की सर्वोच्च चोटी है। विस्तार के आधार पर अरावली पर्वतमाला को तीन भगों में बाँटा जाता है -

1. उत्तर पूर्वी अरावली क्षेत्र की पर्वत चोटियाँ-	
रघुनाथ गढ़ (सीकर) -1055 मी.	खोह (जयपुर) -920 मी.
हर्षनाथ (सीकर)- 820मी.	भैराच (अलवर)- 792 मी.
बरवारा (जयपुर)- 786 मी.	बाबई - 780मी.
बिलाली (अलवर)-775 मी.	बैराठ (जयपुर)-704 मी.
भानगढ़ (अलवर)-649 मी.	जयगढ़(जयपुर)-648मी.
2. मध्य अरावली की पर्वत चोटियाँ-	
गोरामजी (अजमेर)-934 मी.	मारायजी टाडगढ़(अजमेर)-933मी.
तारागढ़ (अजमेर)-870मी.	नाग पहाड़ (अजमेर)-795मी.
3.दक्षिणी अरावली की पर्वत चोटियाँ-	
गुरूशिखर (सिरोही)-1722मी.	सेर (सिरोही)-1597मी.